**खबर संक्षेप**

### विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**मैहर।** मैहर जिले के प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह की अध्यक्षता में प्रभार क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर जिलाधिकारियों के साथ सर्किट हाउस के सभागार में समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर श्रीमती रानी रानी बाटड़,पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल,जिला जनपद सीईओ सुश्री संजना जैन,जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने,एसडीम विकास सिंह,सीएसपी राजीव पाठक,थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रवेशोत्सव में छात्रों को सम्मानिक कर किया पुस्तकों का वितरण

**मैहर।** 1 अप्रैल मंगलवार को पी.एम.श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैहर में प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह के मुख्य आतिथ्य में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभाती मंत्री ने प्रवेशोत्सव के तहत छात्राओं का तिलक पुष्पवर्षा कर स्वागत किया एवं उत्कृष्ठ छात्राओं को मेडल से सम्मानित किया गया इसके साथ ही शैक्षणिक सत्र की शुरुआत करते पुस्तक वितरण कर छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,कलेक्टर रानी बाटड़, जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने,नगर पालिका उपाध्यक्ष शीतल ताम्रकार,विकास तिवारी,कुलदीप तिवारी, नितिन ताम्रकार सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बेलगाम ऑटो चालक ने ठेले को मारी टक्कर, भारी नुकसान



**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सर्किट हाउस चौराहे पर मंगलवार की शाम बेलगाम ऑटो चालक ने एक ठेले को टक्कर मार दिया जिससे ठेला पलट गया। बताया जाता है कि सर्किट हाउस चौराहे पर विन्ध चेंबर कार्यालय के मोड पर आटो की टक्कर से ठेला पलट गया। ठेला में रखे सामान का नुक़सान हुआ है।

### प्रभारी मंत्री ने माई के रसोई में किया प्रसाद ग्रहण

**मैहर।** माई की रसोई क्रमांक-2 पर मैहर जिला प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह एवं मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने प्रसाद ग्रहण किया। माई की रसोई क्रमांक 2 में जैसे ही प्रभारी मंत्री पहुंची माई की रसोई के संचालक धीरज महाराज की अगुवाई में स्टाफ के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने,मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, सत्य भान पटेल,मुनि चौरसिया,प्रिंस शर्मा,संतोष पाण्डेय राजा भैया,अनिता तिवारी,शशि मिश्रा आदि सैकड़ों की तादाद में भाजपा मैहर जिला के पदाधिकारी मौजूद रहे। यही नहीं मां की रसोई के संचालक धीरज पाण्डेय के द्वारा रेलवे स्टेशन रोड में मां के दर्शनार्थियों को निःशुल्क भोजन प्रतिदिन कराया जा रहा है।

### चित्रकूट में कपड़ा व्यापारी को कट्टे की नोक पर लूट लिया था

## कपड़ा व्यापारी को लूटने वाले आरोपी ने फांसी लगाकर जान दी, दूसरा गिरफ्तार

**सतना।** चित्रकूट पुलिस ने रेडीमेड कपड़ा व्यापारी से कट्टे की नोंक पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी आकाश पाण्डेय उर्फ रवि को बांदा से गिरफ्तार कर लिया गया है।आरोपी लंका तिराहा के पास मां वैष्णों गारमेन्ट्स से 4000 रुपये के कपड़े लूट कर फरार हो गया था। हासिल जानकारी के मुताबिक दूसरे आरोपी भोलू ठाकुर ने पिता की डांट से ग्लानिवश फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस कार्यवाही को एसडीओपी चित्रकूट रोहित कुमार राठौर के मार्गदर्शन एवं थाना चित्रकूट प्रभारी निरीक्षक डीआर शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने अंजाम दिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये आरोपी की तलाशी लिये जाने पर उसके



गिरफ्तार आरोपी आकाश पाण्डेय उर्फ रवी | मृतक भोलू ठाकुर

कब्जे से 315 बोर की कट्टा एवं 1 जिन्दा कारतूस,लूटा गया सामान बुलेट कुल कीमत 2,25000 रुपये बरामद किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 30 मार्च को फरियादी अमित केशरवानी पिता विनोद केशरवानी उम्र 31 साल निवासी लोधन टिकुरा थाना चित्रकूट ने थाना आकर रिपोर्ट किया कि दो व्यक्ति कपड़े खरीदने आये। 4000 रुपये के रेडीमेड कपड़े खरीदने के बाद पैसा मांगने पर कट्टा निकाल कर अड़ा दिया एवं कपडे लूट ले गये। उक्त की रिपोर्ट पर थाना चित्रकूट में अपराध क्र.56/25 धारा 309(4) बीएनएस 11/13 एडी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना थाना प्रभारी डीआर शर्मा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्तर पर आरोपियों की पता तलाश हेतु अलग-अलग टीमें बनायी गयी। जो घटना दिनांक से लगातार आरोपियों की लोकेशन आधार पर सायबर सेल की मदद से पता तलाश की गयी। आरोपीगणों का मिलने के संभावित स्थानों पर लगातार छापामारी की गयी। थाना प्रभारी के द्वारा आरोपी आकाश पाण्डेय उर्फ रवि पिता रघुनन्दन पाण्डेय उम्र 28 साल निवासी ग्राम जदुआ थाना सेमरिया जिला रीवा को बांदा से गिरफ्तार किया गया। निरीक्षक डीआर शर्मा थाना प्रभारी चित्रकूट सउनि केपी पाण्डेय,विपिन,संतोष कुमार,उनि अजीत सिंह,सउनि दीपेश सिंह सायबर सेल,प्र.आर.चालक दिनेश लाल,विमल देव,विकास पाल आदि की भूमिका रही।

## शासकीय हाई स्कूल जमताल में मनाया गया प्रवेश उत्सव, पुष्पहारों से हुआ बच्चों का स्वागत



**मैहर।** मध्यप्रदेश के स्कूलों में कक्षा पहली से लेकर12वीं तक का नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 को लेकर बच्चों के साथ ही शिक्षक भी काफी उत्साहित दिखे शासकीय स्कूलों के नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के मौके को प्रवेश उत्सव के रूप मे मनाया गया।प्रवेश उत्सव के मौके पर शासकीय स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए इसको लेकर स्कूल स्टाफ बीते दो दिन से तैयारी में लगा था स्कूलों को भी खासतौर से सजाया गया।शासकीय स्कूलों में सत्र की शुरुआत होने पर आज मैहर जिले के शासकीय हाई स्कूल जमताल में स्कूली बच्चों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। नवप्रवेशित तथा सभी बच्चों का शिक्षकों ने तिलक लगाकर स्वागत किया। नवीन शिक्षण सत्र में पहले एक माह में बच्चों को बुनियादी शिक्षा के लिए रिवीजन कराया जाएगा इसके बाद जून में जब स्कूल खुलेंगे तो नई कक्षा की पढ़ाई शुरू होगी।इस मौके पर छात्र छात्राओं को खीर,पूड़ी,सब्जी,पापड़, अचार और सलाद खिलाया गया। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों के साथ स्टाफ ने विद्यालय में बेहतर शिक्षा प्रबंध किए जाने पर विचार विमर्श किया गया। पालकों ने अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का वचन दिया।

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम आज

**सतना।** म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्कूल चले अभियान अंतर्गत 2 अप्रैल 2025 को शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें जिले के अधिकारियों द्वारा किसी एक शाला में जाकर बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर उत्साहवर्धन किया जायेगा। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले के 102 प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को शालायें आवंटित की है। जारी आदेश के अनुसार संबंधित अधिकारी 2 अप्रैल 2025 को आवंटित शाला में एक कालखण्ड बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर उनका उत्साहवर्धन करना सुनिश्चित करेंगे।

## कल-परसों बूंदाबांदी के आसार, फिर होगी तेज धूप

### पूर्वी मध्य प्रदेश में जबलपुर, कटनी में ज्यादा और सतना मैहर में होगी कम बूंदाबांदी

**सतना।** दिन ढलने के बाद भले ही मौसम में नमी हो जाती है लेकिन सुबह से लेकर दोपहर बाद तक तेज धूप गर्मी का एहसास करा रही है। इस बीच तीन और चार अप्रैल को बूंदाबांदी होने के आसर हैं। सतना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक ने बताया कि छत्तीसगढ़ में बने सिस्टम की वजह से इसका प्रभाव पूर्वी मध्य प्रदेश में देखने को मिल सकता है। इस दौरान जबलपुर और कटनी में इसका असर ज्यादा रहेगा लेकिन सतना और मैहर में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। इसके बाद धीरे-धीरे गर्मी परवान चढ़ने लगेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक मंगलवार को अधिकतम तापमान 37.8 और न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

### साल 2010 में 45 डिग्री किया गया था दर्ज

मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक उपलब्ध अभिलेख के आधार पर सतना के इस माह के आंकडे में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस 19अप्रैल 2010 को दर्ज किया गया। निम्नतम न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस 08 अप्रैल 1918 को दर्ज किया गया। सर्वाधिक कुल मासिक वर्षा 71.9 मि.मी. सन 1933 को दर्ज किया गया और 24 घंटे में सर्वाधिक वर्षा 52.8 मि.मी. 12 अप्रैल 1946 को दर्ज किया गया।

अप्रैल महीने में कैसा रहता है सतना का जलवायु लक्षण



मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक सतना में अप्रेल माह में दिन का तापमान निरंतर बढ़ता जाता है तथा हवा का दबाव कम होने लगता है। इस माह औसत अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस और औसत न्यूनतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस रहता है। इस माह में औसत आर्द्रता लगभग 20 से 36 प्रतिशत के बीच होती है। कभी कभी वातावरण धूमिल सा होता है एवं हवा की दिशा मुख्यतः उत्तर पश्चिमी होती है। इस माह में अधिकतम और न्यूनतम तापमान का अंतर बहुत ज्यादा होता है। उत्तरी भारत से होकर जाने वाले पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से कभी-कभी आकाश बादलों से आच्छ्यादित हो जाता है तथा गर्जन एवं वर्षा होने की भी संभावना रहती है। कभी-कभी ओलावृष्टी के साथ मेघगर्जना भी होती है। इस माह में गर्जन होने वाले दिनों की औसत संख्या 1.7 है। इस माह में औसत वर्षा 8.5 मि.मी. है तथा वर्षा के दिनों की संख्या 0.9 है।

## जनसुनवाई में 103 प्रकरणों की हुई सुनवाई



**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार को जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्यायें सुनी। जनसुनवाई में 103 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने,विद्युत समस्या,जमीन का कब्जा दिलाने,सीमांकन कराने,चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 37 आवेदन

कलेक्टर मैहर रानी बाटड के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय मैहर के सभागार में जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 37 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### मां शारदा देवी प्रबंध समिति को दान में मिली बस कहां लापता हो गई



**मैहर।** मां शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति को श्रद्धालुओं के लिए रेलवे स्टेशन मंदिर तक एवं मंदिर से रेलवे स्टेशन तक आवागमन के उद्देश्य से एक शुभचिंतक के द्वारा बस को दान में दिया गया था। दान में मिली बस को रेलवे स्टेशन से मां शारदा मंदिर परिसर तक पूर्व में चलाई जा रही थी लेकिन उसका मेला के दौरान कहीं अता पता नहीं है। इस बस में प्रति दर्शनार्थी से 10 रुपए लिया जाता है जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलती थी। इस संबंध में मैहर के समाजसेवी रमापति गौतम,मां शारदा सेवा वाहिनी के संचालक मनोज शुक्ला ने चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासक मां शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष कलेक्टर मैहर से मांग की है कि श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए चलाई गई बस सेवा को पुनः प्रारंभ किया जाए क्योंकि दानदाता की भावना के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाना चाहिए बस को जिस उद्देश्य से दान दिया गया है उसी के अनुसार संचालन करना चाहिए। यही नहीं मां शारदा देवी मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा मेला प्रांगण में प्रसाद की रेट लिस्ट निर्धारित स्थल पर लगवाई जाए क्योंकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को मनमानी रेट पर प्रसाद दिया जाता है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को मंहगे दाम पर प्रसाद लेने बाध्य किया जाता है।

## महाराणा सांगा पर विवाद गहराया,12 अप्रैल को सतना से आगरा जाएगा सर्व समाज

### सपा सांसद के निष्कासन और माफी की मांग

**सतना।** सपा सांसद रामजी लाल सुमन के महाराणा सांगा के बारे में संसद में की गई टिप्पणी का विरोध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। करणी सेना के जिलाध्यक्ष ऋषभ सिंह बघेल ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में इस टिप्पणी की कड़ी निंदा की और कहा कि यह बयान न केवल असंवेदनशील है, बल्कि देश के गौरवशाली इतिहास को झूठा साबित करने की कोशिश है। उन्होंने मांग की है कि ऐसी बयानबाजी करने वाले नेताओं को संसद से निष्कासित किया जाना चाहिए।



### 12 अप्रैल को आगरा में विरोध महाकुंभ

ऋषभ सिंह बघेल ने बताया कि सतना से 11 अप्रैल को करणी सेना के नेतृत्व में सर्व समाज का जत्था आगरा के लिए रवाना होगा। करणी सेना ने सरकार से ऐसे लोगों से माफी मंगवाने की मांग की है। ऋषभ सिंह बघेल ने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो करणी सेना परिवार,क्षत्रिय समाज और देश के सभी वर्ग के लोग उन्हें सबक सिखाने में सक्षम हैं।

### राणा सांगा ने ही बाबर को बुलाया था भारत- सुमन

21 मार्च को राज्यसभा में सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने गृह मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा के दौरान कहा था कि बाबर को भारत इब्राहिम लोधी को हराने के लिए राणा सांगा लाए थे। इस बयान के बाद से ही करणी सेना सहित राजपूत समाज में आक्रोश फैल गया है।



खबर संक्षेप

## पांच वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को किया गया गिरफ्तार



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी वारण्टों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है । इसी तारतम्य में तारतम्य में थाना गुनौर पुलिस द्वारा पिछले पांच वर्षों से फरार आरोपी धीरेंद्र सिंह परमार पिता महेंद्र सिंह परमार उम्र 30 साल निवासी ग्राम चौड़ा थाना गुनौर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी महोदय पन्ना के प्रकरण क्रमांक 1118/2020 धारा 25 बी आर्म्स एक्ट में स्थाई वारंट जारी किया गया था। आरोपी के विरुद्ध उक्त स्थाई वारंट के अलावा अन्य मामलों में भी गिरफ्तारी वारंट जारी किये गये थे आरोपी अत्यंत शातिर प्रवृत्ति का होने से लगातार फरार चल रहा था। दिनांक 31/03/25 को गुनौर पुलिस के द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर उक्त वारण्टी को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने पर माननीय न्यायालय के आदेश से जिला जेल पन्ना में दाखिल किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, सहायक उप निरीक्षक अशोक गौतम आरक्षक दीपक अहिरवार, आरक्षक धर्मेंद्र प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम के कार्य की सराहना की गई है।

## धरमपुर रेंज अन्तर्गत कक्ष क्रमांक पी 10 वीट गड़डपुर में आग बुझाते वीटगार्ड झुलसा



**अजयगढ़।** धरमपुर वन परिक्षेत्र अन्तर्गत दिनांक 31 मार्च को गडड़पुर वीट के कक्ष क्रमांक पी 10 में आग बुझाते हुए बीट गार्ड के झुलसने का मामला सामने आया है। 1 अप्रैल 2025 सुबह 11 बजे वन विभाग धरमपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीट गार्ड ऋषि कपूर अपने वन विभाग के कर्मचारियों के साथ गडड़पुर वीट के कक्ष क्रमांक पी 10 में आग बुझाते हुए बीट गार्ड गडड़पुर वीट के कक्ष क्रमांक पी 10 में शाम को आग बुझा रहे थे तभी जंगल मे बबंडर उठा और जैसे ही खत्म हुआ वीट गार्ड के चारो ओर आग फैल गई। बताया गया है कि वीट गार्ड ऋषि कपूर के एक तरफ खाई एक तरफ आग बचने का कोई रास्ता समझ नही आ रहा था तभी हिम्मत कर मशीन को चालू कर रास्ता बनाते हुए काफी दूर तक निकल गए परंन्तु लास्ट समय पर आग कपड़ो में लग गई और वीट गार्ड पत्थर से टकरा कर गिर गया जिससे आग की चपेट में आ गया तत्काल आग को बुझाते हुए साथियों को बुलाया और धरमपुर रेंजर भी पहुंच गए जिन्होंने वन कर्मियों की मदद से अजयगढ़ अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज जारी उक्त घटना की सूचना मिलते ही सीसीएफ छतरपुर आज दिनांक 1 अप्रैल को सुबह 11 बजे अजयगढ़ पहुंचे और वीट गार्ड का हालचाल जानकर उसको हर सुविधा प्रदान करने की बात कही इसके उपरांत धरमपुर के पूर्व रेंजर मनोज सिंह बघेल भी वीट गार्ड से मुलाकात कर हालचाल जाना। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी व वनकर्मी उपस्थित रहे।

### नवीन शिक्षा सत्र आरंभ, विद्यालय में छात्रों को स्वागत के साथ पुस्तकें प्रदान करते हुए पालक शिक्षक संघ की बैठक हुई सम्पन्न

# नगर के सबसे प्राचीन हायर सेकेण्डरी रूद्र प्रताप क्र.-2 में उत्साह के साथ प्रवेशोत्सव मनाया गया




शा. हा. से. आर.पी. क्रमांक 2 में नपा उपाध्यक्ष के मुख्य अतिथ्य में एवं विद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ छात्रों का प्रवेशोत्सव



**पन्ना।** जहां एक तरफ हिन्दू नववर्ष का आरंभ भी चैत्र मास से वहीं शक्ति की आराधना का पर्व नवदुर्गा के तीसरे दिन नवीन शिक्षा सत्र 1 अप्रैल 2025 के दिन उत्साह के साथ छात्रों का प्रवेशोत्सव जहां विद्यालय में इस बार मध्यप्रदेश सरकार की दूरगामी सोच के चलते शिक्षा के आरंभ नवीन सत्र में जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदार अधिकारियों की सहभागिता में उत्साह के साथ मनाये जाने की दिशा जो तय की गई थी वहीं मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव का प्रसारण सीधा जो विद्यालयों में सुनाने के बाद तथा जिले में बड़े उत्साह के साथ नये शिक्षा सत्र का आगाज किया गया। नगर के सबसे प्राचीन हायर सेकेण्डरी शासकीय रूद्र प्रताप हायर सेकेण्डरी विद्यालय में जहां नपा की उपाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता के मुख्य अतिथ्य में एवं विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुधा पटैरिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। यह विद्यालय जो वास्तविकता में पन्ना नगर का सबसे प्राचीन विद्यालय जहां आज छात्रों की उपस्थिति तथा पहले दिन में उनके शिक्षा सत्र के आरंभ होने को लेकर स्वागत तथा पुस्तकों के वितरण के साथ सम्पन्न हुआ।

नवीन शिक्षा सत्र आरंभ का दिन बड़े उत्साह के साथ चैत्र मास 1 अप्रैल 2025 नवदुर्गा पर्व के तीसरे दिवस में जहां मध्यप्रदेश सरकार की मुखिया की सोच के चलते विद्यालयों में जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदार अधिकारियों की उपस्थिति में विद्यालयों में जोश व उत्साह के साथ छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत प्रवेशोत्सव के दौरान वहीं नवीन शिक्षा सत्र शुभारंभ के पहले दिन जहां शिक्षा प्रदान करने को ध्यान में रखते हुए पुस्तकों का वितरण भी किया गया। नगर के सबसे प्राचीन हायर सेकेण्डरी विद्यालय शासकीय रूद्र प्रताप क्रमांक-02 में नगर पालिका पन्ना की उपाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता के मुख्य अतिथ्य व विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुधा पटैरिया की अध्यक्षता में गर्म जोशी के साथ जहां पालक शिक्षक संघ की बैठक वहीं विद्यालय के समस्त शिक्षकगण की उपस्थिति में नवीन शिक्षा सत्र के आरंभ के दौरान विद्यालय में छात्रों का प्रवेशोत्सव गर्मजोशी व उत्साह के साथ मनाया गया। वहीं विद्यालय में पुस्तक वितरण के दौरान छात्रों को कक्षा में अध्ययन की रूपरेखा पर भी जहां विद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी शेर सिंह कुशवाहा द्वारा अपने विचरों से अवगत कराया गया। वहीं विद्यालय के समस्त कक्षा आध्यापकों एवं कक्षा-09, 11वीं एवं 12वीं के अनुसार जहां छात्रों के साथ विचार गोष्ठी सम्पन्न की गई। तथा बृजकोश की गतिविधियों के संचालन केसंबंध में प्राचार्य श्रीमती सुधा पटैरिया के द्वारा प्रकाश डाला गया। इस तरह से जहां प्रवेश उत्सव छात्रों का गरिमामयी तरीके से शासकीय हायर सेकेण्डरी आरपी क्रमांक 02 में सम्पन्न हुआ। साथ ही आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। पहली बार जहां प्रवेशोत्सव को लेकर मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया के सोच के चलते इस तरह से मनाया गया जिससे साफतौर पर यह साबित होने जा रहा है कि शिक्षा को लेकर सरकार की मंशा सुदृणता के साथ जहां भविष्य निर्माण को लेकर कह सकते है। जिस तरह से प्रवेशोत्सव में जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका तय की गई। वहीं विद्यालयों में भी गर्मजोशी के साथ शिक्षा का आरंभ पहले दिन का आगाज जहां देखते हुए पुस्तक वितरण व विद्यालय में छात्रों के भविष्य को सुनिश्चित करते हुए शिक्षकों ने प्रकाश डाला। प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टॉफ की भूमिका भी सराहनीय रही।

## बच्चों ने अपनी गुल्लक रामनवमीं पर्व एवं शोभा यात्रा के सहयोग के लिए समर्पित की

### वेदांत और तनिष्क ने गुल्लक तोड़ी निकले 5155 रुपए समिति को दिए

**पन्ना।** चौत्र नवरात्रि एवं रामनवमी के उपलक्ष में पन्ना शहर में चली आ रही परंपरा के अनुसार भगवान श्री रामचंद्र जी के जन्मोत्सव की तैयारी बडे जोर-शोर से चल रही है पन्ना नगर के मंदिरो को रंगीन लाइट प्रकाश से सजाया गया है रास्तों गलियों में सुंदर गेट और लाइट लगाई गई है जिससे नगर की सुंदरता बढ़ गई है नित्य प्रति शोभायात्रा भी निकल जाती है इस शुभ कार्य में पन्ना नगर के श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं इस बीच दो बच्चे वेदांत और तनिष्क भगवान राम के इस पुनीत कार्य में शामिल होने सामने आए हैं उन्होंने वर्ष भर मिलने



वाली प्रोत्साहन राशि को जो गुल्लक में जमा कर रखी थी दोनों ने अपनी गुल्लक सहयोग के रूप में समिति को सौंप दी है। नगर के बड़ा बाजार निवासी कक्षा 9 जो में पढ़ने वाले वेदांत शुक्ला पिता संतोष शुक्ला और कक्षा 9 मे ही पढ़ने वाले तनिष्क शुक्ला पिता सुशील शुक्ला ने अपनी गुल्लक तोड़कर 51 55 रुपए की सहयोग राशि भगवान राम की प्रभात फेरी और रामनवमी के निकलने वाले शोभायात्रा के लिए कमेटी को प्रदान की है। जिसे कमेटी के सदस्य अशोक गुप्ता,तरुण पाठक,सुरेश शुक्ला कल्लू महराज, देवेंद्र सिंह बबलू यादव ने प्राप्त किया। तनिष्क, प्रिंस और वेदांत शुक्ला ने स्वप्रेरणा से यह कार्य किया है समिति के सदस्यों ने इन बालकों का प्रोत्साहन किया और धन्यवाद देते हुए लोगों से भगवान राम के काज में जुड़ने की अपील की है नित्य प्रति भगवान राम की शोभा यात्रा नगर की गलियों और चौराहा में निकल जाती है भगवान राम के की भक्ति 9 दिन तक लगातार शोभायात्रा निकाल लेंगे और अंतिम दिन विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएग।

### सीएम राइज विद्यालय पन्ना में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हुआ संपन्न

# नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ, बच्चों में उत्साह

**पन्ना।** म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शिक्षा सत्र 2025-26 का शुभारंभ 1 अप्रैल से हो गया है; प्रवेशोत्सव कार्यक्रम पूरे प्रदेश में बड़े उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सीएम राइज विद्यालय पन्ना में आयोजित हुआ, इस कार्यक्रम में मुख्य मंत्री के भोपाल में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की समाप्ति उपरांत जिला स्तरीय कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मीना पांडेय अध्यक्ष नगरपालिका परिषद पन्ना, कार्यक्रम के अध्यक्ष संतोष सिंह यादव उपाध्यक्ष जिला पंचायत पन्ना ,कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती आशा गुप्ता उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद पन्ना, सुरेश कुमार जी कलेक्टर पन्ना , उमराव सिंह मरावी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पन्ना, रवि प्रकाश खरे जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना, विपिन वर्मा



जिला प्रभारी राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल ,अजय गुप्ता जिला परियोजना समन्वयक के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की समाप्ति उपरांत विद्यार्थियों को तिलक लगाकर एवं पाठ्य पुस्तकें भेंट करते हुए प्रवेशोत्सव मनाया गया, कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों को आमंत्रित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रवेशोत्सव पर्व पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य श्री जयकरण पटेल जी द्वारा आमंत्रित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया गया , कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हरिनारायण पांडेय जी द्वारा किया गया। हार के आगे जीत है कार्यक्रम एवं शाला विकास प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया जाना है। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में श्रीमती भारती श्रीवास्तव अतिरिक्त परियोजना समन्वयक, श्रीमती कविता त्रिवेदी बी. आर. सी.पन्ना, विभूति मोहन पटेरिया सहायक समन्वयक, पुष्पराज सिंह परमार जिला व्यावसायिक समन्वयक, राजेश मिश्रा जिला क्रीड़ा अधिकारी ,गोबिंद तिवारी सहायक समन्वयक ,के.एस. त्रिपाठी डाइट पन्ना सहित संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्टाफ के सदस्य तथा अभिभावक गणों की गरिमामयी उपस्थिति रही, कार्यक्रम हर्ष सहित विधिवत रूप से संपन्न हुआ।

## बेलगाम जेके सीमेंट कंपनी के ट्राला आमजन मानस को बना रहे अपना शिकार

# ट्रक हार्वेस्टर की टक्कर, एक व्यक्ति घायल

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र में आज दिनांक-01-04-2025 को सुबह है 4:20 इंरम हटा से सतना की ओर गेहूं की फसल काटने जा रहे हार्वेस्टर को तेज रफ्तार जेके कंपनी के ट्राला ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते हार्वेस्टर में सवार परगट सिंह के दाहिने पैर में गंभीर चोट लगने से बुरी तरह घायल हो गया, जहां फरियादी गुरमीत सिंह ने हादसे की जानकारी अमानगंज थाना में दी मौके पर पुलिस घायल को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज ले आई जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर चोट के चलते डॉक्टर ने घायल व्यक्ति को कटनी के लिए रेफर कर दिया, फरियादी की सूचना पर थाना अमानगंज में अपराध क्रमांक 190/25 धारा 281 125 (ए) बीएनएस 184 मोटर व्हीकल एक्ट मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया,जैसा कि बता दें आए दिन बेलगाम जेके कंपनी के ट्राला आम जनमानस को अपना शिकार बना रहे हैं, जेके सीमेंट कंपनी प्रबंधन इस समस्या को समाधान करने में असमर्थ दिख रही है, जहां कंपनी के वाहनों से आए दिन क्षेत्र में हो रही दुर्घटनाओं से रोष पनप रहा है, वही जनता में भय का माहौल भी देखा जा रहा है,वही लोगों को कस्बे में एवं क्षेत्र में जरूरी कार्यों से निकलने में हादसे का डर बना रहता हैं।

# प्रतिदिन रिव्यू कर लंबित शिकायतों का करें प्रभावी निराकरण- कलेक्टर

## फसल पंजीयन के सत्यापन कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान विभागवार लंबित विभिन्न प्रकार की शिकायतों के निराकरण की समीक्षा कर अधिकारियों को प्रतिदिन रिव्यू कर समय-सीमा में प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए हैं। साथ ही लंबित टीएल के निराकरण के लिए भी विधिवत रूप से वांछित कार्यवाही पूर्ण कर अविलंब नस्ती प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। इस सप्ताह 68 टीएल पत्रों के निराकरण की भांति आगामी सप्ताह में भी टीएल निराकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई की लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा के दौरान कहा कि इसमें काफी निराकरण अपेक्षित है, इसलिए जनसुनवाई प्रकरणों का निराकरण भी गंभीरतापूर्वक किया जाए। ग्राम पंचायत अथवा विकासखण्डस्तरीय जनसुनवाई में संबंधित अधिकारी-कर्मचारी भी आवेदकों की शिकायत अथवा समस्याओं का त्वरित समाधान करें, जिससे हितग्राही को अनावश्यक रूप से जिला मुख्यालय तक आवागमन न करना पड़े।




कलेक्टर श्री कुमार ने 50 दिवस से अधिक समयावधि की विभागवार लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों तथा आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। कम प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को विशेष रूप से वर्तमान माह की शिकायतों सहित नवीन शिकायतों का भी समानांतर रूप से निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही अपात्रता के मामलों पर चिन्हित शिकायतों को स्पेशल क्लोज कराने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, राजस्व, ऊर्जा विभाग सहित अधिक लंबित प्रकरण वाले विभाग लंबी अवधि के शिकायतों का निराकरण सजगतापूर्वक कार्यवाही कर संतुष्टिपूर्ण तरीके से करें। समस्त तहसीलदार द्वारा किसानों की समस्याओं का निराकरण कर स्वयं अथवा पटवारी के माध्यम से निराकृत शिकायत के संबंध में सूचित करें और आवश्यक होने पर घर पहुंचकर दस्तावेज भी सौंपें। समस्त विभागीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से एल-1 स्तर पर शिकायत अटेण्ड करने, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय पर नागरिक सेवाओं के प्रदाय, उच्च न्यायालय में लंबित मामलों का इस सप्ताह जवाबदावा और अधिकतम निराकरण सुनिश्चित कराने के लिए भी निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि समस्त स्थानीय निकायों के अधिकारी पेंशन हितग्राहियों के आधार ई-केवायसी कार्य में तेजी लाएं। साथ ही समग्र ई-केवायसी अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी कार्य भी समय पर पूर्ण करें। गत वित्तीय वर्ष में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग अंतर्गत स्वरोजगार मूलक योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में जलदूत पंजीयन की करें कार्यवाही-

जिला कलेक्टर ने टीएल बैठक में प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के जिले में क्रियान्वयन के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉय भारत पोर्टल पर विभागवार लक्ष्य अनुरूप जलदूत पंजीयन का कार्य पूर्ण किया जाए। अब तक पांच हजार लक्ष्य के विरूद्ध 1600 लोगों द्वारा जलदूत के रूप में पंजीयन कराया गया है। इसलिए जल संवर्धन में रूचि रखने वाले युवाओं को पंजीयन करवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इसके अलावा जल स्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन के लिए विभागीय अमले द्वारा फील्ड वर्क के साथ नियमित रूप से फोटो एवं अन्य जानकारी भी पोर्टल पर अपलोड की जाए। साथ ही शासन के निर्देशानुसार समस्त तहसीलदार जल संरचनाओं को राजस्व अभिलेख में अमल कराने के साथ जल स्त्रोतों के निकट अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी करें। उन्होंने गेहूं, चना, मसूर एवं सरसों फसल उपार्जन के लिए किसान पंजीयन के विरूद्ध रैपुरा एवं अजयगढ़ तहसील में सत्यापन कार्य की कम प्रगति पर नाराजगी जताई और लंबित सत्यापन कार्य अविलंब पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस संबंध में उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि राजस्व अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी स्थिति में पंजीयन का फर्जी सत्यापन न हो अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। समस्त खरीदी केन्द्रों पर चेक लिस्ट अनुसार मूलभूत व्यवस्थओं के अवलोकन के लिए राजस्व एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही राजस्व, खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को जरूरी समन्वय के साथ खरीदी केन्द्रों के भ्रमण के निर्देश दिए गए। टीएल बैठक में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की लंबित शिकायतों के निराकरण सहित नवीन चार सीएम राइज स्कूल के लिए चयनित भूमि पर निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा अधिकारियों को विद्यालय, शासकीय उचित मूल्य दुकान, स्वास्थ्य केन्द्रों एवं छात्रावासों के पुनः निरीक्षण के लिए भी निर्देशित किया गया।

### निर्माणाधीन परियोजनाओं में मुआवजा वितरण मामलों का हो निराकरण

कलेक्टर ने केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत मुआवजा वितरण एवं पुनर्वास पैकेज के संबंध में जानकारी लेकर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को 7 ग्रामों के संबंध में एक सप्ताह में आवश्यक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही पन्ना-सतना एवं पन्ना-खजुराहो निर्माणाधीन रेल खण्ड अंतर्गत गुनौर, अजयगढ़ एवं पन्ना एसडीएम को मुआवजा के समय पर वितरण के निर्देश दिए। साथ ही 2 अप्रैल से प्रारंभ होने वाली जनपद पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठक में आयुष्मान कार्ड एवं पेयजल उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण एजेण्डा शामिल करने के निर्देश दिए। इस दौरान नालों व तालाबों के अतिक्रमण चिन्हांकित कर आवश्यक कार्यवाही, वन व्यवस्थापन का कार्य शुरू कराने, सोलर शासकीय कार्यालय भवन बनाने के लिए जरूरी कार्यवाही, अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव की तैयारी एवं सूचना पर पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम के तत्काल मौका स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा शालाओं के मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता की जांच, डायमण्ड पार्क स्थल के आसपास शेष अतिक्रमण हटाने, केन्द्र प्रवर्तित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चिन्हित जिले के 108 ग्रामों के लिए 16 विभागों द्वारा आवश्यक विकास कार्यों के संबंध में एक सप्ताह में आवश्यक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए भी कहा। उन्होंने प्राथमिकता के साथ जिला स्तर पर 15 दिवस में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन व आवश्यक प्रशिक्षण सहित समाचार पत्रों में प्रकाशित नकारात्मक खबरों के संबंध में 24 घण्टे में वस्तुस्थिति रिपोर्ट से अवगत कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा, एसडीएम संजय नागवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### वृद्ध के बिस्तर में लगी आग, झुलसने से हुई मौत

**छतरपुर।** शहर के ओरछा रोड थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम धामची में बीती रात एक वृद्ध के बिस्तर में आग लगने के कारण वह बुरी तरह झुलस गया। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए थे जहां इलाज के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। धामची निवासी नंदकिशोर रैकवार ने बताया कि उसके 74 वर्षीय दादा गोविंददास रैकवार रात को घर में चारपाई पर सो रहे थे और पास में मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती जल रही थी। इसी अगरबत्ती से गोविंददास के बिस्तर में आग लग गई और आग की चपेट में आकर वह बुरी तरह झुलस गए। हादसे के बाद परिजन गोविंददास को जिला अस्पताल लेकर आए थे, जहां मंगलवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं ओरछा रोड पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु की है।

### सिविल लाइन पुलिस ने पकड़े 2 सटोरिए



**छतरपुर।** पिछले चार दिनों से सिविल लाइन पुलिस द्वारा लगातार सटोरियों पर कार्रवाई की जा रही है। बीते रोज जहां 7 सटोरियों पर कार्रवाई हुई थी, तो वहीं मंगलवार को एक बार फिर पुलिस ने दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि मंगलवार को पकड़े गए सटोरियों के नाम विक्रमादित्य खरे निवासी किशोर सागर तालाब के पास और सनी अहिरवार निवासी अंबेडकर नगर हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जुआ, सट्टा के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी है। आईपीएल मुकाबलों पर सट्टा लगाने और लगवाने वालों के साथ-साथ उनके एजेंट और सुपर एजेंट को पकड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी। पकड़े गए सटोरियों से पूछताछ की जा रही है, जो भी नाम सामने आएंगे उन पर पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### पुस्तक एवं गणवेश मेले में किफायती दामों पर मिल रही सामग्री



**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशानुसार 1 से 5 अप्रैल 2025 तक जिला पंचायत परिसर के समीप मेला ग्राउंड में जिला शिक्षा केंद्र द्वारा पुस्तक एवं गणवेश मेले का आयोजन किया गया है। मेले के प्रथम दिवस 12 पुस्तक विक्रेताओं द्वारा दुकान लगाई गई। छतरपुर एसडीएम अखिल राठौर, जिला शिक्षा अधिकारी आरपी प्रजापति और डीपीसी अरुण शंकर पांडे ने मेले का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।मेले में एनसीईआरटी, सीबीएसई एवं अन्य स्कूलों में संचालित पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं। इस संबंध में अभिभावकों से फीडबैक लिया जा रहा है। मेले में टेंट से निर्मित दुकान पुस्तक विक्रेताओं को जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही पेयजल,साफ सफाई की व्यवस्था नगर पालिका छतरपुर के माध्यम से की गई है। शेष पुस्तक विक्रेताओं को पुस्तक मेले में दुकान लगाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। डीपीसी अरुण शंकर पांडे ने अभिभावकों से पुस्तक मेले से पुस्तक एवं गणवेश खरीदने की अपील की है। दुकानदारों से विक्रय की जाने वाली सामग्री की सूची एवं दरें निर्धारित स्थान पर लगाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है तथा अभिभावकों से फीडबैक के माध्यम से प्राप्त सुझाव अनुसार व्यवस्थाएं बनाने के लिए कहा गया है।

### संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने किया आन्दोलन का शंखनाद

**छतरपुर।** मंगलवार को संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की जिला इकाई द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कर्मचारियों पर 1 अप्रैल से लागू की गई संविदा नीति-2025 की विसंगतियां गिनाकर इसके विरोध में किए जा रहे चरणबद्ध आन्दोलन का शंखनाद किया गया है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन देकर जिला प्रशासन को अपने आंदोलन की जानकारी दी।

## जिले के विद्यालयों में उत्साहपूर्वक मनाया गया प्रवेश उत्सव

# नए शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ








1 अप्रैल से जिले के शासकीय विद्यालयों में स्कूल चलें हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए। मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक एवं सेकेंडरी स्कूलों में प्रवेश उत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया।

**छतरपुर।**

जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सीएम राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छतरपुर में हुआ, जो कि सीईओ जिला पंचायत श्रीमती तपस्या परिहार के मुख्य आतिथ्य एवं राज्य शिक्षा केंद्र के प्रभारी अधिकारी रमाशंकर तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी आरपी प्रजापति एवं डीपीसी अरुण शंकर पांडे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा पहली में नव प्रवेशित बच्चों को अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया साथ ही पुस्तकों का वितरण हुआ। पिछली कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत तपस्या परिहार ने सवाल जवाब के माध्यम से बच्चों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को हर क्षेत्र में सीखने हेतु प्रेरित करें, जिससे उन्हें सभी क्षेत्रों का अनुभव हो। विद्यालय को सीखने का केंद्र बनाएं न कि केवल परीक्षा पास करने का माध्यम। राज्य शिक्षा केंद्र के प्रभारी अधिकारी रमाशंकर तिवारी ने मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रही प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए इसके उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एपीसी अकादमिक नीरज खरे ने किया।

### प्रभारी अधिकारी ने किया विद्यालयों का अवलोकन

नवीन शिक्षण सत्र 2025 26 के अंतर्गत आयोजित प्रवेश उत्सव का अवलोकन करने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र से आए प्रभारी अधिकारी रमाशंकर तिवारी ने शासकीय हाई स्कूल निवारी एवं शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला ललन जू का पुरवा में प्रवेश उत्सव का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया, साथ ही विद्यार्थियों को पुस्तक एवं उपहार सामग्री भेंट देते हुए मार्गदर्शन दिया।

### शिक्षकों ने तिलक लगाकर किया बच्चों का स्वागत

जिला मुख्यालय के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 में शिक्षकों ने पहले दिन विद्यालय आए बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 के माध्यमिक शिक्षक रामप्रकाश बाजपेई ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ आज से हो गया है। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को आज से नए पाठ्यक्रम का अध्ययन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले दिन विद्यालय आए छात्र-छात्राओं का विद्यालय प्रबंधन द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया, साथ ही शासन के निर्देशानुसार पाठ्य-पुस्तकों का वितरण भी आज से प्रारंभ हो गया है। वितरित की जाने वाली पुस्तकें शासन से विद्यालय को प्राप्त हो चुकी हैं।



## राजनगर जनपद पंचायत में हुई जल गंगा अभियान की बैठक

**राजनगर।**

जनपद पंचायत सभागार में मंगलवार को जल गंगा अभियान को लेकर समस्त विभागों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रेम बाई कुशवाहा ने की ।इस बैठक में मुख्य रूप से विधायक अरविंद पटैरिया उपस्थित रहे। विधायक ने जल गंगा अभियान को जन आंदोलन में परिवर्तित कर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक के पश्चात जनपद सभा कक्ष में उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा एक देश एक चुनाव को लेकर प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रस्ताव पटल पर रखने के पूर्व एक देश एक चुनाव अभियान के जिला सह संयोजक श्यामबाबू त्रिवेदी ने इसकी प्रस्तावना रखी। तत्पश्चात विधायक ने एक देश एक चुनाव विषय को लेकर अपने उद्बोधन में उपस्थित प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया तथा उन्हें एक देश एक चुनाव के संबंध में समाज को जागरूक करने के लिए भी कहा। जनपद अध्यक्ष प्रेम कुशवाहा ने प्रस्ताव रखा, जिसका जनपद उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र अवस्थी ने प्रस्ताव का समर्थन किया। तत्पश्चात सभागार में उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा टेबल थपथपाकर ध्वनि में से प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर राजनगर अनुविभागीय अधिकारी तथा तहसीलदार के अलावा जनपद सीईओ राकेश शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सामने आए प्रभात फेरी विवाद के वीडियो

## व्यक्तिगत विवाद के कारण हुआ था हमला

**छतरपुर।**



बीते रोज सुबह के वक्त शहर में रामनवमीं महोत्सव के तहत प्रभात फेरी निकाली जा रही थी, तभी सीताराम कॉलोनी की बर्फ फैक्ट्री के पास अभय वर्मा उर्फ बक्कल तथा डीपी ठाकुर ने अपने एक नाबालिग साथी के साथ प्रभात फेरी में शामिल संजू मिश्रा के ऊपर धारदार हथियारों से हमला कर दिया था। इस हमले में संजू के अलावा भाजपा नेता सुरेन्द्र साहू घायल हुए थे। प्रभात फेरी में हुए उक्त विवाद से जुड़े कुछ वीडियो मंगलवार को सामने आए हैं, जिनमें उपस्थित लोगों द्वारा हमलावरों के साथ मारपीट की जा रही है। सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि उक्त हमला संजू मिश्रा और आरोपियों के बीच चल रहे व्यक्तिगत विवाद के चलते हुआ है। सोशल मीडिया के माध्यम से जो वीडियो सामने आ रहे हैं, उनकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि फिलहाल हमलावर अभय वर्मा उर्फ बक्कल, डीपी ठाकुर और उनके एक नाबालिग साथी पर मामला दर्ज किया गया है। दो आरोपियों को मौके से ही पकड़ लिया गया था, जबकि नबालिग आरोपी की तलाश अभी जारी है।

## प्राचीन परंपरा को मजबूत कर रही आरोग्य भारती: पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

### बागेश्वर महाराज का सानिध्य, राज्यमंत्री मुख्य अतिथि, केंद्रीय पदाधिकारी मुख्य वक्ता

**छतरपुर।**



विगत रोज आरोग्य भारती के महाकौशल प्रांत का प्रांत अभ्यास वर्ग एक निजी होटल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार उपस्थित हुए, जबकि मुख्य वक्ता आरोग्य भारती के केंद्रीय पदाधिकारी डॉ मुरली कृष्ण रहे। यह कार्यक्रम बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के सानिध्य में आयोजित हुआ। महाराज श्री ने पहले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर अपनी शुभकामनाएं दीं इसके बाद प्रांत के लोगों को बागेश्वर धाम बुलाया और उनका मार्गदर्शन किया। महाराज श्री ने कहा कि आरोग्य भारती प्राचीन परंपरा को मजबूत करने में लगी है। सब मिलकर अपनी इस परंपरा को आगे बढ़ाएं।

जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन आरोग्य भारती की ओर से महाकौशल प्रांत का एकदिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग स्थानीय पन्ना रोड पर स्थित होटल ओम साईं राम जटाशंकर ग्रैंड में आयोजित हुआ। चार सत्रों के इस अभ्यास वर्ग की शुरुआत भगवान धन्वंतरि और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ प्रस्तावना डॉ. आशीष राव ने रखी। अभ्यास वर्ग की भूमिका पर राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. मुरली कृष्ण ने प्रकाश डाला। बागेश्वर महाराज ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाकौशल प्रांत के डेढ़ दर्जन से अधिक जिलों से आए पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कहा कि वह इस बात का ध्यान रखें कि उनके आसपास जो लोग स्वास्थ्य के नाम पर छलावा करते हैं उन्हें चिन्हित करें और उनकी योजनाओं को विफल करें । महाराज श्री ने कहा कि समाज में बेहतर छवि बने और गरीबों के प्रति दया का भाव हो यही सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने बिछड़े और पिछड़े लोगों पर विशेष ध्यान रखने तथा उनकी समस्याओं को हल करने में सहयोग का आह्वान किया। चार सत्र में चले अभ्यास वर्ग में डॉ. भोलानाथ ने अष्टांग योग पर अपना उद्बोधन दिया तो वहीं डॉ. आशीष राव ने प्रथमोपचार के बारे में बताया। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में क्षेत्रीय विधायक ललिता यादव, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, विद्यालय स्वास्थ्य प्रबंधन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. भोलानाथ, आरएसएस सह संघकार्यवाहक गुरु प्रसाद अवस्थी, विभाग कार्यवाह अखिलेश जैन, जिला अध्यक्ष डॉ निधि रूसिया, किशोरी बालिका प्रबंधन जिला संयोजक डॉ गयात्री नामदेव, विभाग संयोजक डॉ. सियाराम चौबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


## दो किलो गांजा के साथ पकड़ा गया तस्कर



**बमीठा।** नशीले पदार्थों के क्रय-विक्रय को रोकने की मंशा से पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बमीठा पुलिस ने दो किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय ने बताया कि बीती शाम करीब 6 बजे सूचना मिली थी कि एक बाईक सवार युवक गांजा तस्करी कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने कस्बे के खजुराहो रोड पर संदेही युवक को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह बाईक से बेनीसागर बांध की ओर भाग निकला। पुलिस टीम ने उसका पीछा करके बेनीसागर बांध के सर्किट हाउस के पास उसे पकड़ लिया। तलाशी लिए जाने पर उसके पास मौजूद बैग में 2 किलो गांजा मिला। संदेही को गिरफ्तार करने के साथ-साथ उक्त अवैध गांजा और युवक की बाईक क्रमांक एमपी 16 जेडए 0502 को जप्त किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजेश पिता लल्लूराम गोस्वामी उम्र 30 साल निवासी बूदौर बताया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### उत्पादन व प्रेषण के नए शिखर पर एनसीएल

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोयला उत्पादन व प्रेषण में एनसीएल का बेहतरीन प्रदर्शन



**सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने वित्त वर्ष 2024 -25 में कोयला उत्पादन व प्रेषण में शानदार प्रदर्शन कर नया मुकाम हासिल किया है। एनसीएल ने विगत वित्त वर्ष 24-25 में कोयला उत्पादन व प्रेषण में नया इतिहास रचा है।

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित 139 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को कंपनी ने हासिल कर लिया है।

एनसीएल ने राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए चालू वित्त वर्ष में बिजली घरों सहित सभी उपभोक्ताओं को 137.7 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया है। इसी क्रम में एनसीएल ने लगभग 85% कोयला पर्यावरण अनुकूल (रेल, एमजीआर व बेल्ट पाइप कंवेयर) विधियों के माध्यम से प्रेषित किया है।

इस शानदार उपलब्धि पर सीएमडी एनसीएल बी. साईराम व निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/ संचालन) जितेन्द्र मलिक व निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह ने एनसीएल टीम को बधाई दी है। उन्होंने कंपनी की इस सफलता का श्रेय एनसीएल कर्मियों की मेहनत व राष्ट्र की ऊर्जा जरूरतों के प्रति उनके अटूट समर्पण को दिया है ।

इस अवसर पर मंगलवार को सीएमडी सहित समस्त निदेशकमंडल ने एनसीएल की विभिन्न परियोजनों का दौरा किया व एनसीएल कर्मियों के समर्पण और ऊर्जा संरक्षा के प्रति कटिबद्धता के आलोक में उनका किया। इस अवसर पर कर्मियों से सीधे रूबरू होते हुए सीएमडी एनसीएल ने कहा कि एनसीएल कर्मियों ने कठिन परिदृश्य में विभिन्न बाधाओं को पार करते हुए लक्ष्यों को पूरा किया है, जिसके लिए समस्त एनसीएल टीम बधाई की पात्र है।

गौरतलब है कि वर्ष 2023-24 के मुकाबले एनसीएल परिक्षेत्र में वर्ष 2024-25 में 218% अधिक वर्षा हुई, इसके बाबजूद भी कंपनी ने वर्ष 2023-24 की तुलना में वर्ष 2024-25 में 2 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन किया है।

## खबर संक्षेप

### अस्पताल परिषद के अंदर आयुष्मान कार्ड में लाभ दिलाने के नाम पर महिला से ठगी

रीवा। शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के गांधी मेमोरियल अस्पताल के गायनी वार्ड में इलाज करा रहे मरीज के परिजन से आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाने के नाम पर बदमाशों ने ठगी का शिकार बनाया है। मिली जानकारी अनुसार पीड़ित ने घटना की शिकायत अस्पताल चौकी में दर्ज कराई है, घटना के संबंध में शकुंतला गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी रिश्तेदार पुष्पा गोस्वामी गांधी मेमोरियल अस्पताल के गयनी वार्ड में भर्ती है जहां एक युवक मिला और उसे आयुष्मान योजना का लाभ दिलाने का नाम देकर उसका मोबाइल ले लिया। इसके बाद महिला की बेटी से मोबाइल का पासवर्ड खुलवाया और महिला को बोला कि अस्पताल के चौथे माले में चलो जहां तुम्हें 60 हजार रुपए आयुष्मान योजना का दिया जाएगा। शकुंतला ने बताया कि वह युवक के पीछे-पीछे चल दी लेकिन इसी बीच अचानक युवक गायब हो गया और अब न तो युवक का पता है और ना ही उसके मोबाइल का। महिला ने बताया कि युवक उसे गायनी वार्ड में ही मिला था जहां उसे आयुष्मान योजना का लाभ दिलाने का प्रलोभन दिया था। फिलहाल महिला की शिकायत के बाद अब अमहिया पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में लगी हुई है।

### माह के प्रथम कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट में वंदे मातरम गान का हुआ गायन



रीवा । माह के प्रथम कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट में वंदे मातरम गान का गायन हुआ। कलेक्ट्रेट के अधिकारियों कर्मचारियों ने वंदे मातरम गान के उपरांत माह के प्रथम कार्य दिवस की शुरूआत की। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने चार ग्राम पंचायत सचिवों पर लगाया जुर्माना

रीवा । कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन एवं जन सुनवाई में दर्ज प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर चार ग्राम पंचायत सचिवों पर एक-एक हजार रुपए जुर्माना लगाया है। जारी आदेश के अनुसार सुरेन्द्र पाण्डेय ग्राम पंचायत सचिव रायपुर कर्चुलियान, प्रमोद साकेत ग्राम पंचायत सचिव कांटी, बुद्धसेन साकेत ग्राम पंचायत सचिव खजवा तथा मुकुंदबिहारी मिश्रा ग्राम पंचायत सचिव गौहाना पर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इन सचिवों द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्रों को जारी करने के आवेदनों पर कार्यवाही न करने के कारण जुर्माना लगाया गया है। कलेक्टर ने तीन दिन की समय सीमा में जुर्माने की राशि जमा करने के निर्देश दिए हैं।

### पूर्व संसद पर कारवाई की मांग को लेकर ब्राम्हण समाज प्रदेश के हर जिले में देगा ज्ञापन



रीवा। जिले मे अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज द्वारा पत्रकारवार्ता का आयोजन कर हाल मे मऊगंज जिले में घटित हुए घटनाक्रम की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई मांग की है साथ ही पत्रकारों को संबोधित करते हुये प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेन्द्र मिश्रा एवं प्रदेश संयोजक अंशुल मिश्रा ने बताया कि अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज म.प्र. लगातार स्वजातीय समाज के उत्थान के लिए एवं उनके हक की लड़ाई के लिए प्रतिबध्य रहता है बीते दिन रीवा समाज के मऊगंज जिले के गड़रा गाँव में हई दुर्भाग्य पूर्ण घटना में शनी द्विवेदी सहित एएसआई रामचरण गौतम की निर्मम हत्या हुई थी। जिस पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के द्वारा रीवा बंद सहित राज्यपाल के नाम पर ज्ञापन सौपा गया था तदउपरांत मऊगंज कलेक्टर पुलिस अधीक्षक सहित डीआईजी को हटाकर अनयत्र पदस्थापित किया गया है यह ज्ञापन के प्रमुख मांगों में थी एवं नवागत आईजी, डीआईजी, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक से उम्मीद करते है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्त कभी न हो, लेकिन राजनीति करने वाले लगातार सामाजिक अलगाव पैदा करने के लिए जहरीले बयान दे रहे है जिसमें पूर्व सांसद बुद्धसेन पटेल के द्वारा मऊगंज के गड़रा गाँव में हुई नृशंस हत्या को जायज करार दिया गया और उनके द्वारा इस पूरे हत्या कांड को आदिवासी समाज को बदले के रूप में अपने उदबोधन में कहा गया जिससे अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सहित सवर्ण समाज में आक्रोश व्याप्त है।

## कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का हुआ आयोजन

# कलेक्टर ने 67 आवेदकों की शिकायतें सुनीं

**कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनसुनवाई में 67 आवेदकों की शिकायतें सुनीं। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में राजस्व, पेंशन, ग्रामीण विकास, खाद्य, पीएचई आदि विभागों से संबंधित शिकायतों को कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।**

रीवा।



जनसुनवाई के दौरान ग्राम टंगहा भोथी (त्योंथर) के निवासियों ने आवाद व्यक्तियों को आवासीय पट्टा दिलाये जाने का आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम त्योंथर को मौके पर परीक्षण कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। पलिया मनगवां के नावालिग ओम पाण्डेय संरक्षक महेश प्रसाद पाण्डेय के नावालिक के सम्पत्ति का वारसाना किये जाने के अपर आयुक्त के आदेश का पटवारी द्वारा पालन नहीं किये जाने के आवेदन पर कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर को परीक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि पटवारी हल्का चोरगड़ी द्वारा हीलाहवाली किया जाना पाया जाय जो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने मुक्द्दर बेग घोघर निवासी के मकान से अवैध कब्जा हटाने, रामबहोर पटेल मटीमा सिरमौर को शासकीय हैण्डपंप को अतिक्रमण से मुक्त कराने, तीरथ प्रसाद चर्मकार कल्याणपुर के सार्वजनिक कूप को निजी उपयोग से मुक्त कराने तथा जगन्नाथ साकेत उमरी निवासी के खसरा सुधार के आवेदन पर कार्यवाही न होने पर संबंधित एसडीएम को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने महेबा निवासी लाल बहादुर कुशवाहा के आराजी खसरा परिवर्तन करने, जवा के रामराज मल्लाह के अतिक्रमण हटाने तथा महुली निवासी कमला पाण्डेय के पति की मृत्यु के उपरांत गलत वारसाना किये जाने के आवेदनों को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया। उन्होंने संतोष कोरी दुआरी के आवासीय पट्टा दिये जाने के आवेदन को एसएलआर, बरा निवासी राजवर्धन सिंह के अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाने के आवेदन को तहसीलदार हुजूर तथा तेदुन निवासी धर्मेन्द्र गुप्ता के जमीन से अतिक्रमण हटाने के आवेदन को तहसीलदार सिरमौर को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने रीवा नगर के मुख्य नगर वासियों के आवासीय क्षेत्र से अवैध मोबाइल टावर हटाने के आवेदन को परीक्षण हेतु एसडीएम हुजूर को प्रेषित किया गया। इसी प्रकार बुद्धसेन प्रजापति रायपुर कर्चुलियान के पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के आवेदन पर सीईओ रायपुपर कर्चुलियान को, धर्मेन्द्र शर्मा द्वारा अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के आवेदन को सिंचाई विभाग को तथा बहुरीबांध निवासियों के शासकीय हैण्डपंप को अतिक्रमण से मुक्त कराने के आवेदन को पीएचई कार्यपालन यंत्री को समाधान कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर द्वारा प्रेषित किया गया। सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय एवं श्रयेस गोखले ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं।

## मानस भवन में चार और पाँच अप्रैल को लगेगा पुस्तक मेला

# पुस्तक मेले में 10 प्रतिशत छूट पर मिलेंगी किताबें

रीवा ।



विद्यार्थियों को रियायती दर पर किताबें और स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराने के लिए रीवा में मानस भवन में दो दिवसीय पुस्तक मेला लगाया जा रहा है। पुस्तक मेला चार और पाँच अप्रैल को सबुह 10 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित होगा। कलेक्ट्रेट के बाणसागार सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मेले के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि मेला स्थल पर उचित स्टाल लगाकर वेंडर्स की व्यवस्था करें। पुस्तक और ड्रेस बेचने वाले सभी दुकानदारों को मेले में शामिल करें। प्रत्येक दुकानदार का पंजीयन करके उसे स्टाल संख्या आवंटित करें। मेले में खरीददारों और वेंडर्स के लिए समुचित व्यवस्थाएं करें। पुस्तक मेले में 10 प्रतिशत छूट पर किताबें मिलेंगी। इसलिए मेले में बड़ी संख्या में लोग आएंगे। पुलिस अधिकारी वाहनों की पार्किंग तथा भीड़ प्रबंधन के लिए उचित प्रबंध करें। आयुक्त नगर निगम मेला स्थल में पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्थाएं कराएं। कलेक्टर ने कहा कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेला स्थल का निरीक्षण करके सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। मेले में किताबों और स्कूल ड्रेस के सभी विक्रेता अपना स्टाल लगाएं, इसे सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी मेले के प्रत्येक काउंटर पर कर्मचारी तैनात करें। मेले में सभी कक्षाओं की पूरी किताबों की बिक्री सुनिश्चित करें जिससे अभिभावक को किताबों के लिए पुनः दुकान न जाना पड़े। मेला स्थल में हेल्पडेस्क भी स्थापित करें। इसमें प्राप्त सूचनाओं तथा उन पर की गई कार्यवाही से प्रतिदिन सीईओ जिला पंचायत को अवगत कराएं। प्रमुख निजी स्कूलों की फीस तथा प्रवेश के संबंध में तीन दिवस में निरीक्षण कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। फीस बढ़ाने के संबंध में यदि कोई स्कूल संचालक शासन के निर्देशों का उल्लंघन करता पाया जाएगा तो उस पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने पुस्तक मेले के लिए किए जा रहे प्रबंधों की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बच्चे को ट्रेन में बैठाने गए व्यक्ति की रेलवे स्टेशन के बाहर से बाइक हुई चोरी

रीवा।



जिले में इन दिनों बाइक चोरों की तादात बढ़ती ही जा रही है, ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी क्षेत्र तक आए दिन कोई ना कोई थाने में बाइक चोरी के फिर दर्ज हो रही है, चोर बेखौफ होकर बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं, वहीं पुलिसिया कार्रवाई होने के बाबजूद बाइक चोरी के मामले कम नहीं हो रहे है। सोमवार को शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन में अपने बच्चे को रीवा-इतवारी ट्रेन में बैठाने गए युवक की बाइक चोरी हो गई। मिली जानकारी अनुसार पीड़ित विनोद कुमार साहू पिता रामरुप साहू 42 वर्ष निवासी शारदापुरम थाना समान ने चोरहटा थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपनी स्पेल्नडर प्लस बाइक से 22 मार्च को अपने लडके विकाश कुमार साहू को रेल्वे स्टेशन लेकर आया जहां पार्किंग के बगल में बाइक को लॉक कर अंदर बेटे को ट्रेन में बैठान चला गया। करीब बीस मिनट बाद जब वह वापस लौटा तो मोटरसाइकिल नही दिखी। जिसके बाद उसने आसपास के लोगों से पूछताछ कर बाइक के संबंध में जानकारी लेने का प्रयास किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। पीड़ित ने बताया कि करीबन 04.45 से 05.10 बजे के बीच किसी अज्ञात बदमाश ने बाइक चोरी कर ली है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने बाइक चोरी का मामला दर्ज कर मामले कि जांच कर रही है।

# सूने मकान में चोरों ने बोला धावा, नगदी व आभूषण किया पार

## सामान थाना क्षेत्र अंतर्गत बाणसागर कॉलोनी की घटना



रीवा।

शहर के समान थाना क्षेत्र स्थित राम निरंजन नगर में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने एक सुनसान घर में घुसकर लाखों रुपए की नकदी और आभूषण चोरी कर लिए। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पीड़ित कुलदीप सिंह ने मामले की शिकायत समान थाना पुलिस से की है। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित कुलदीप सिंह 29 मार्च को अपने गांव गए थे। 30 मार्च को उन्हें किसी ने फोन कर सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। जब वे गांव से वापस लौटे, तो उन्होंने देखा कि उनके घर की आलमारी में रखा सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और कुछ अन्य कीमती सामान गायब थे। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध व्यक्तियों को चोरी करते हुए देखा गया है। चोरों ने रात 2 से 3 बजे के बीच इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया। फुटेज में यह भी दिखाया गया है कि चोर घर के अंदर घुसने के बाद बड़ी संख्या में सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। इसके अलावा, चोरों ने इनवर्टर की बैटरी भी चुरा ली। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर एफएसएल टीम के साथ साक्ष्य जुटाए और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।बॉक्स छप्पर तोड़कर घुसे चोरों ने चोरी की वारदात को दिया अंजाम सेमरिया थाने के बधरा गांव निवासी सुमित श्रीवास्तव के पम्प हाऊस में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने छपरा तोड़कर पम्प हाऊस में प्रवेश किया और अंदर रखी तीन बेटियां सहित अन्य सामान चुरा लिया। जब पीड़ित राखेत गए थे, तब उन्हें चोरी की घटना की जानकारी मिली। उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम पर हमले की हुई कोशिश

रीवा। ~



जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहाडिय़ा में बीते दिवस अतिक्रमण हटाने गए पुलिस और प्रशासनिक अमले से विवाद की स्थिति निर्मित हो गई, जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और वारदात से पहले ही लाठी डंडे को जप्त किया है, मिली जानकारी के अनुसार पहाडिय़ा बस स्टैंड में अतिक्रमण के रूप में एक दुकान हटाने को लेकर कल पुलिस और प्रशासनिक अमला जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचा था, इस दौरान उक्त अतिक्रमण को हटाए जाने की तैयारी की जा रही थी तभी स्थानीय लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया, और लोगों का कहना था कि यह दुकान राजनीतिक दबाव के चलते हटाई जा रही है जो पूरी तरह से गलत है इसी को लेकर लाठी डंडे और पत्थर निकल आए । वही मौके पर पहुंची रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने दुकान के अंदर से डंडे जप्त करते हुए पत्थर लेकर खड़े लोगों को समझाइस दी और पूरे मामले को शांत कराया। सोमवार को मामले को लेकर अनुविभागीय अधिकारी तहसील रायपुर को ग्रामीणों ने शिकायती ज्ञापन पत्र सौपकर कहा है कि अगर एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी तो अनिश्चत कालीन धरना व आमरण अनशन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। बताया गया कि जिसके बाद अतिक्रमण हटाने गई टीम वापस लौट आई है दुकान संचालक ने मामला न्यायालय में चलने का हवाला दिया है। बताया गया कि छकौड़ी लाल केवट एवं तरूण कुमार केवट के द्वारा न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई थी, जिसमे दोनों प्रकरणों को खारिज कर अधीनस्थ न्यायालय का आदेश यथावत रखा गया है और मौके से अतिक्रमण हटाए जाने का निर्देश दिया गया है। बहरहाल जहां एक पक्ष अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन से मांग कर रहा है, वहीं दूसरी ओर दूसरा पक्ष इसका विरोध कर रहा है।

# कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई में 30 आवेदन पंजीबद्ध, निराकरण के निर्देश

मऊगंज



कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार मे कलेक्टर की जनसुनवाई में 30 आवेदन पंजीबद्ध किए गए जिसमें सबसे ज्यादा राजस्व बिजली बीपीएल कार्ड वृद्धा पेंशन संबल कार्ड स्कूल सिंचाई विभाग के 30 आवेदन शिकायतकर्ताओं द्वारा दिए गये कलेक्टर संजय जैन ने सुनवाई करते हुए तत्काल समस्या का निराकरण करने निर्देश दिये कई अधिकारी कर्मचारी जो जन सुनवाई में उपस्थित नहीं रहे उन्हें नोटिस देने को निर्देशित किया गया जिसमें हनुमना तहसीलदार पीएचई प्रधानमंत्री सड़क श्रम विभाग को नोटिस देने निर्देशित किया गया सबसे ज्यादा शिकायत हनुमना क्षेत्र के खटखरी सर्किल तहसीलदार की रही जहां सीमांकन और नक्शा तर्मीम रास्ता रोकने की सबसे ज्यादा शिकायत रही।*सरपंच पर अविश्वास लगाने का भी आवेदन*जनसुनवाई के दौरान हनुमना जनपद में ग्राम पंचायत पतुलखी छत्रपाल के पंच उमेश साहू ने अनुराधा साकेत सरपंच के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने का आवेदन दिया आवेदन में दावा किया गया कि 17 में से 15 पंच उनके साथ में है और उनकी सहमति है शिकायतकर्ता पंचायत राज्य अधिनियम की किताब लेकर कलेक्टर के समक्ष दावा करते हुए सरपंच को हटाने का आवेदन दिया कलेक्टर ने नगर परिषद प्रभारी सीएमओ को फटकार लगाते हुए वार्डों में गंदगी पर नाराजगी जताई वही सीएम हेल्पलाइन का निराकरण करने और क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुधारने के कड़े निर्देश दिए गए *पुलिस अधीक्षक ने भी की जनसुनवाई*पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह द्वारा जनसुनवाई की गई जिसमें सभी थानों से संबंधित शिकायतों को सुना गया सबसे ज्यादा शिकायतें मऊगंज और देवतालाब से मिली शिकायती आवेदन पंजीबद्ध कर निराकरण करने संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया

# माध्यमिक शाला लौर में "राष्ट्रीय सेवा योजना" का विशेष शिविर का शुभारम्भ

**मऊगंज।** जिले के देवतालाब मेउच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय महाविद्यालय देवतालाब के प्राचार्य डॉ. महानन्द द्विवेदी के अध्यक्षता में दिनांक 31.03.2025 को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लौर में ₹राष्ट्रीय सेवा योजना₹ का 07 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम कन्यापूजन किया गया इसके पश्चात सरस्वती पूजन व स्वामी विवेकानन्द का माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। प्राचार्य डॉ. महानन्द द्विवेदी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के बारे में बताया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी श्री रजनीश त्रिपाठी ने स्वयंसेवकों को कार्ययोजना के बारे में प्रकाश डाला। गोद-ग्राम के प्रभारी श्री ज्ञानेन्द्र सिंह कर्चुली ने गोदग्राम लौर देवतालाब में स्वयंसेवकों को जागरूकता हेतु प्रेरित किया। डॉ. पंकज मैत्रेय ने कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। कार्यक्रम के शुभारम्भ के पश्चात शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के पश्चात बौध्दिक सत्र में ₹विज्ञान और तकनीक का विकसित भारत में योगदान₹ से संबंधित व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में खेल अधिकारी श्री रविकान्त चौधरी द्वारा स्वयंसेवकों को खेल गतिविधि संचालित की गयी। इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. नवीन शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. दिवाकर प्रसाद शर्मा, डॉ. अबदेश सिंह कुशवाह, श्री राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, कर्मचारीगण एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

